## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 14.10.2024 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. झारखंड में जल जीवन मिशन घोटाले में ईडी की बड़ी कार्रवाई, रांची और चाईबासा में 20 जगहों पर चल रही छापेमारी ।

2. विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों में बैठकों का दौर जारी, रांची में भाजपा और झामुमो की अलग– अलग बैठक, चुनावी रणनीति पर हो रही चर्चा।

3. पलामू में दो नाबालिग लड़कियों से सामूहिक दुष्कर्म, पुलिस ने 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार, दो की तलाश, रांची में युवक की हत्या पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने विधि– व्यवस्था पर उठाए सवाल।
4. जेएसएससी सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर छात्रों का रांची में आज महाधरना।

**************************

झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने आज बड़ी कार्रवाई की है। रांची और चाईबासा में 20 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी की चल रही है। ईडी ने आईएएस मनीष रंजन, मंत्री मिथलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र सिंह, मंत्री के भाई विनय ठाकुर समेत कई विभागीय इंजीनियर्स से जुड़े ठिकानों पर छापा मारा है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के जल जीवन मिशन में अनियमितता से जुड़े मामले को लेकर यह कार्रवाई की गई है। रांची में रातू रोड के अलावा हरमू और मोरहाबादी सहित अन्य ठिकानों की तलाशी ली जा रही है। ईडी की यह कार्रवाई रांची के पंडरा थाने में दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर की गई है। इस मामले में अधिवक्ता सुजीत कुमार पर ईडी को मैनेज करने के नाम पर छह करोड़ रुपये की ठगी करने का आरोप है। इस मामले में ईडी ने ईसीआईआर (इकोनॉमिक ऑफेंस कंप्लेंट रिपोर्ट) दर्ज की है। ईडी ने इससे पहले आठ अक्टूबर को भी इसी मामले में रांची, धनबाद और पटना के आधा दर्जन ठिकानों पर छापा मारा था। इन ठिकानों में पंडरा क्षेत्र में रहने वाले अधिवक्ता सुजीत कुमार, कांके के अंचलाधिकारी जय कुमार राम, पूर्व अंचलाधिकारी सह धनबाद के डीटीओ दिवाकर द्विवेदी, नामकुम के पूर्व अंचलाधिकारी प्रभात भूषण और जमीन कारोबारी संजीव पांडेय से जुड़े ठिकाने शामिल थे।

**************************

भाजपा के वरिस्ठ नेता और राज्य सभा सांसद आदित्य साहू ने छापेमारी पर प्रतिक्रया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रवर्तन निदेशालय एक स्वतंत्र एजेंसी है जो जन शिकायतों के आधार पर कार्रवाई करती है। उन्होंने कहा कि गरीबों के उत्थान के लिए बनाई गई योजनाओं के पैसे की झारखंड में बंदर बांट की जा रही है।

**************************

विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। सभी राजनीतिक दलों की बैठकों का दौर भी जारी है। भाजपा ने आज रांची में महत्वपूर्ण बैठक बुलायी है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक चल रही है । जिसमें भाजपा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान भी शामिल हैं। प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा भी इसमें शामिल होंगे। इसके बाद सभी मोर्चा के पदाधिकारी के साथ एक और प्रमुख बैठक होगी।

**************************

विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी आज रांची में पार्टी केन्द्रीय समिति की विस्तारित बैठक बुलाई है। सोहराय भवन में आयोजित बैठक में झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी भाग लेंगे। बैठक से पूर्व पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे ने कहा कि इसमें चुनाव को लेकर सांगठनिक मजबूती पर चर्चा होगी।

**************************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारी तेज हो गई हैं। राजनीतिक दलों की सक्रियता के साथ–साथ जिला प्रशासन ने भी अपनी सक्रियता बढ़ा दी है।

**************************

पलामू जिले में दशहरा मेला घूमकर लौट रही दो नाबालिग लड़कियों से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र की है । पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि फरार दो आरोपियों की तलाश जारी है। इधर रांची में दुर्गा पूजा के दौरान एक युवक की हत्या मामले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की और घटना की जानकारी ली। उन्होंने अबतक अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर राज्य की विधि– व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। झामुमो की राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने भी पीड़ित परिजनों से मुलाकात की ।

**************************

विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर से एनएच –33, भिलाई पहाड़ी को जोड़ने के लिए स्वर्णरेखा नदी पर बन रहे पुल का नामकरण पद्मविभूषण स्वर्गीय रतन टाटा के नाम पर करने के संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि पहुंच पथ के रेखांकन सीमा में टाटा स्टील का बड़ा योगदान है।

**************************

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, जेएसएससी की सीजीएल परीक्षा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए अभ्यर्थी परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर आंदोलन चला रहे हैं। रांची के मोरहाबादी मैदान में आज छात्र महाधरना देंगे ।

**************************

गोड्डा –नई दिल्ली साप्ताहिक ट्रेन का अब गिरिडीह के धनवार स्टेशन पर ठहराव शुरू होगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के आग्रह पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसके आदेश दिए हैं। श्री मरांडी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र की जनता को दिल्ली जाने के लिए आसानी से ट्रेन की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी। यह ठहराव क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

**************************

- देवघर में दशहरा के दौरान दो दिनों में अलग–अलग सड़क हादसों में महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि 14 लोग घायल हो गये.।
- सिमडेगा में कल रात माँ दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन के दौरान तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई।
- जिला मुख्यालय सरायकेला की ढाई सौ साल धरोहर प्राचीन जगन्नाथ मंदिर की रखरखाव, पूजा और आयोजन के लिए श्री जगन्नाथ सेवा समिति का पुनर्गठन किया गया है। यूनेस्को ने इस मंदिर को इनटेंजिबल हेरीटेज की सूची में रखा है।
- गोड्डा जिले के सुंदरपहाड़ी और पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र में दो अलग अलग बाइक टक्कर की घटना में 3 लोगों की मौत हो गयी है।

**************************